ग्रामीण बाजार, नियर हनुमान मंदिर पुनावां वजीरगंज
8102919831 वजीरगंज गया

# आँचल जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड

माली गली, वजीरगंज - गया 805131 Aanchaljeevika@gmail.com 8340390295
Nurtured by Bihar Rural Livelihoods Promotion Society (JEEViKA), Govt. of Bihar.

Ref: CLF/ 164/2023-24 Date: 25/01/2024

## नई पहल किट की आपूर्ति हेतु खुला प्रस्ताव निविदा आमंत्रण।

**सेवा में,**

______________________

______________________

विषय – नई पहल किट की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण ।

महोदय / महोदया

1. निम्नलिखित सामग्रियों के आपूर्ति हेतु सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी निविदा प्रस्तुत करने हेतु आप आमंत्रित हैं।

| # | Suggestive items | Unit | विशिष्टता | Remarks | Delivery Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Jute Bag | 39445 | Printed Jute Bag-12" X12"<br>(Permissible deviation- +-1"X 1") | Usable Jute bag with printed NPK, Bihar Government logo, and message on it, in which Grooming bag will be kept. | |
| 2. | Grooming Bag | 39445 | Grooming bag 8.5"x8.5"<br>(Permissible deviation- +-1"X 1") | This bag should be made of plastic/fibre/ply board and Bag/Box should be in Red colour as it is for Newly Weds. | |
| 3. | "Nayi Pahal" Sticker for Grooming Bag | 39445 | 4"*3"' | Stickers has to be pasted at grooming box | |
| 4. | Mirror-Plastic | 39445 | Medium size- 6" | | |

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना– वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)
ममता देवी — अध्यक्ष   [signature] — सचिव   पूजा कुमारी — कोषाध्यक्ष

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | Nail cutter | 39445 | Stainless steel | | |
| 6. | Handkerchiefs | 78890 | 10"x 09" | | |
| 7. | Hand towel | 78890 | 10"X18" | | |
| 8. | Comb | 78890 | Plastic- 8" | | |
| 9. | Bindi | 78890 | 12 Pcs. | | |
| 10. | Marriage Registration Form<br>Size: A4 | 39445 | No. of sheet - 3, B&W print | | Within 15 Days from the date of Signing of Contract |
| 11. | Family Planning Information leaflet.<br>Size: A4 at 70 GSM Paper | 39445 | No. of sheet - 1<br>Back-to-Back & Color Print | Content will be shared to the winning bidder after the contract signing | |
| 12. | Nomination letter (Baddhai Sandesh)<br>Size: A4 at 70 GSM Paper | 39445 | No. of Sheet- 1<br>Back-to-Back & Colour Print | | |
| नोट – | उपर्लिखित सभी सामानों की निर्धारति मात्रा मिलाकर एक kit माना जायेगा ।<br>सभी सामानों को **Grooming Bag** में सजा कर एवं **Grooming Bag** को **Jute Bag** में रखकर आपूर्ति करना है। | | | | |

2. महत्वपूर्ण तिथियां एवं समय/निविदा दस्तावेज **(Bidding Document)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क– | निविदा जारी करने की तिथि | : | 25 जनवरी , 2024 |
| ख– | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 15 फ़रवरी, 2024 – 03:00 अपराह्न तक |
| ग - | निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समय | : | 15 फ़रवरी, 2024 – 03:30 अपराह्न बजे |

**नोट– इच्छुक संवेदक निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं।**

3. अपेक्षित अहर्ता **(Eligibility Criteria)**

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी
सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना– वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)
ममता देवी अध्यक्ष — [signature] सचिव — पूजा कुमारी कोषाध्यक्ष

क– निविदादाता को GST में निबंधित होना आवश्यक है। (सर्टिफिकेट की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)।

ख– निविदादाता को विशिष्टता एवं सैंपल के अनुरूप सामाग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं प्रवर्तन की पुष्टि में एक स्वलिखित नोटरीकृत शपथ पत्र देना होगा।

ग – संवदेक को निविदा समर्पित करने की तिथि तक किसी भी केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा काली सूची में डाला/वर्जित नही किया जाना चाहिए। इस संबंध में नोटरीकृत शपथ पत्र देना होगा।

ड– PAN Card का स्वअभिप्रमाणित छायाप्राति देना होगा।

4. **निविदा मूल्य**

क. अंतरालेखन/पंक्तियों के बीच की लिखावट, शुद्धि, सुधार, मिटान तभी वैध माना जाएगा जब निविदा पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होगा ।

ख. लागू सभी प्रकार का कर स्पष्टतः उदृत मूल्य में शामिल किया जाना चाहिए ।

ग. संवेदक द्वारा प्रस्तुत दर आपूर्ति की अवधि के लिए तय की जाएगी और यह किसी भी स्थिति में समायोजन का विषय नहीं होगा ।

घ. कीमतें केवल भारतीय रूपये में प्रस्तुत की जाएँ ।

ङ. बिक्री के संबंधित GST अलग से प्रदर्शित किया जाए।

5. **बोली पूर्व बैठक (Pre Bid Meeting)**

क. बोली पूर्व बैठक का आयोजन बिहार ग्रामीण जीविकपार्जन प्रोत्साहन समिति(जीविका), जिला परियोजना समन्वयन इकाई गया (बिहार) को दिनांक 5 फ़रवरी, 2024 03:00 अपराह्म को किया जायेगा । यदि कोइ प्रश्न एवं भ्रान्ति होने पर – 4 फ़रवरी, 2024 तक (Aanchaljeevika@gmailcom.) 8340390295 पर भी मेल तथा सम्पर्क किए किया जा सकता है।

ख. बोली पूर्व बैठक में जारी किये चर्चा, स्पष्टीकरण एवं संशोधन अगर होता तो उसकी प्रति **www.brlps.in** पर अपलोड किया जायेगा एवं बोली पूर्व बैठक के उपरान्त जारी किये गये स्पष्टीकरण निविदा का हिस्सा होंगे ।

6. **निविदा की प्रस्तुति**

क. संवेदक निविदा संकुल स्तरीय संघ, आँचल जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, माली गली, वजीरगंज - गया (805131) के कार्यालय में मुहर बंद लिफाफे में जमा करेंगें ।

ख. संवेदक आपूर्ति होने वाले सामानों का सैक्पल (sample) निम्नलिखित पते पर चेक कर सकते हैं ।

**जिला कार्यालय का पताः**

जिला परियोजना समन्वयन इकाई (जीविका), गया

**मगध कॉलोनी रोड न. 15** – 823001 (बिहार)

मोबाइल नंबर – 9771478790 8102919940 9693347100

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी
सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना– वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)

ममता देवी सावित्री कुमारी पूजा कुमारी

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

ग. संवेदक का वस्तुओं के विवरण का विस्तार से स्पष्ट उल्लेख करना होगा । विक्रेता द्वारा मात्र उल्लिखित विवरणों का नकल या अनुपालन या अनुपालन योग्य/अनुपालनीय जैसे शब्दों का उल्लेख करना पर्याप्त नहीं होगा ।

घ. निविदा के लिफाफे पर निविदा का विषय, संवेदक का नाम, दूरभाष संख्या के साथ पूरा पता अनिवार्यतः उल्लेखित होना चाहिए ।

ङ. संवेदक को GST अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत होना चाहिए ।

च. निविदा दाता निविदा प्रपत्र पूर्ण से मुद्रित कर मुहर सहित सम्बंधित कागजात के साथ जमा करेंगे।

7. **निविदा की वैधता**

क. निविदा समर्पित करने के लिए तय की गई अंतिम तिथि से 90 दिनों तक निविदा वैध रहेगी ।

ख. असाधारण परिस्थितियों में, बोली की वैधता अवधि समाप्त होने से पहले, क्रेता बोलीदाताओं से बोलियों की वैद्यता बढाने हेतु अनुरोध लिखित रुप से कर सकते है।

ग. बोलीदाता www.brlps.in से डाउनलोड किये बोली दस्तावेज की प्रति विधिवत हस्ताक्षरित और मुहर लगाकर जमा करेगे जो की सीलबंद लिफाफे में होगा एवं सीलबंद लिफाफे के ऊपर बोली का नाम अंकित एवं पता होना चाहिये ।

घ. फैक्स या ईमेल के माध्यम से प्राप्त बोलियां को गैर–उत्तरदायी के रूप में खारिज कर दिया जाएगा।

8. **निविदा का मूल्यांकन**

क्रेता वैसी अनुक्रियाशील निविदा (responsive bids) का मूल्यांकन करेगा जो–

क. जो विधिवत हस्ताक्षरित हों ।

ख. जो नियम, शर्तों, तकनीकी विशिष्टियों और निर्धारित अहर्ता के अनुरूप हों ।

ग. जिसने कुल न्यून्तम मूल्य सभी करों एवं अन्य खर्चों के साथ उदृम किया है ।

घ. न्यूनतम उद्धृत निविदा कर्ता से मूल्य समझौता (Price Negotiation) किया जा सकता है

9. **निविदा की स्वीकृति (Award of Contract)**

क. उस संवेदक की निविदा स्वीकृत की जाएगी जो सर्वाधिक प्रभावनीय (substantially responsive) हो और क्रेता के आकलन से जिसमें कुल न्यूनतम मूल्य पर निविदा अनुबंध सम्पादित करने की क्षमता हो ।

ख. उपर्युक्त उपबंधों के होते हुए भी क्रेता को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को स्वीकार/अस्वीकार/रदद् करने, प्रक्रिया को रदद् करने और सभी निविदाओं को पूर्णतयः/अंशतः अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।

ग. संवेदक जिसकी निविदा को स्वीकार कर लिया गया है को क्रेता द्वारा निविदा की वैधता अवधि समाप्त होने के पहले अनुबंध के स्वीकार हेतु सूचित किया जाएगा । स्वीकृत शर्तों को निर्गत आदेश में शामिल किया जाएगा ।

घ. क्रेता मात्रा के साथ क्रय आदेश जारी करेगा एवं खरीद आदेश (contract) में नियम और शर्तें शामिल की जाएंगी।

10. **गुणवत्ता का सत्यापन**

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी
सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना- वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)
ममता देवी — अध्यक्ष
सचिव
पूजा कुमारी — कोषाध्यक्ष

आपूर्ति की गई सामानों की गुणवत्ता का सत्यापन specification and sample के आधार पर निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा –

क. आपूर्ति की गई सामानों की गुणवत्ता एवं आपूर्ति किये गये सामानों की संख्या की जॉच 15 दिनों के अन्दर पूरी कर ली जाएगी एवं किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में विसंगति एवं संख्या की कमी की सूचना आपूर्तिकर्ता को ईमेल के माध्यम से दी जाएगी । इसके साथ ही अनुकूल सामानों की सूची एवं संख्या भी बताई जाएगी ।

ख. आपूर्तिकर्ता को ईमेल की प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर बदले गये सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित करना होगा जिसमें किसी भी व्यय का भुगतान आपूर्तिकता द्वारा किया जायेग ।

ग. संपूर्ण सामानों की संतोषजनक आपूर्ति के 21 कार्य दिवसों (रविवार एवं छुटिट्यों के दिन को छोड़कर) के भीतर भुगतान किया जाएगा। आपूर्तिकर्ता को वितरण के लिए अलग से चालान देना होगा जो संबंधित कार्यालय द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एवं मुहर लगा होना चाहिए।

घ. आपूर्तिकर्ता उन सामानों के भुगतान के लिए विपत्र समर्पित कर सकते हैं जिनकी स्वीकृति ईमेल के द्वारा जी जायेगी ।

ङ. अगर किसी स्थिति में आपूर्ति किये गये सामान specification and sample के आधार पर नहीं पाये जाते हैं और या आपूर्ति किये गये सामानों की संख्या कम होती है तो आपूर्तिकर्ता को उन सामानों को अपने व्यय पर बदलकर देना होगा एवं आपूर्ति के उपरान्त ही भुगतान हेतु विपत्र जमा किया जा सकेगा ।

## 11. वितरण

क. चयनित आपूतिकर्ता को सभी सामाग्री का आपूर्ति अनुबंध अनुसार अनुलग्नक–क में वर्णित अनुसार (रविवार एवं छुटियो के दिनो को छोडकर) 10 बजे पूर्वाहन से 5 अपराह्म के बीच करना होगा ।

ख. चयनित आपूर्तिकर्ता को वितरण के तीन दिन पहले आपूर्ति की सूचना ईमेल आइडी (aanchaljeevika@gmail.com) पर देना होगा ।

## 12. विवादो का निपटारा

क. क्रेता और आपूर्तिकर्ता अनुबंध के तहत या उसके संबंध में उनके बीच उत्पन्न होने वाली किसी भी असहमति या विवाद को सीधे अनौपचारिक बातचीत द्वारा सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने का हर संभव प्रयास करेंगे। क्रेता और आपूर्तिकर्ता के बीच किसी भी विवाद के मामलें, जिसे सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया नहीं जा सकता है, उन विवादों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, पटना के कार्यालय में मध्यस्था हेतु प्रस्तुत किया जाएगा । किसी भी स्थिति में किसी भी वादों के निपटारा पटना, बिहार स्थिति अदालतों में होगा ।

## 13. अग्रिम भुगतान

किसी भी प्रकार को कोुई भी अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा ।

## 14. निषपादन सुरक्षा

क. चयनित आपूर्तिकर्ता के द्वारा जमा की गई बिड सिक्यूरिटी को परफारमेंस स्क्यिूरिटी के तहत जमा रखा जायेगा और इसका निष्पादन सम्पूर्ण आपूर्ति एव उससे संबंधित भुगतान के बाद किया जायगा । जमा की गई परफारमेंट सिस्यूरिटी पर कोई ब्याज नहीं देय होगा

## 15. भुगतान

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी
सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना– वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)
ममता देवी — अध्यक्ष
[signature] — सचिव
पूजा कुमारी — कोषाध्यक्ष

क. आपुर्ति किये गये सामाग्री का बिल ग्रामीण बाजार वजीरगंज के नाम से होगा एवं भुगतान 21 कार्य दिवस रविवार एवं छुटीयो के दिनो को छोड़कर आपूर्ति के उपरांत विपत्र प्रस्तुत करने के साथ वितरण रिपोर्ट जो की हस्ताक्षरित एवं मुहर के साथ होना चाहिए के बाद ही उपर्युक्त ग्रामीण बाजार कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

ख. आपूर्तिकर्ता को प्रत्येक वितरण स्थान से चालान पर हस्तारक्षर एवं मुहर लगवाकर विपत्र के साथ भुगतान हेतु उपयुक्त पते पर प्रस्तुत करना होगा ।

**16. अप्रत्याशित घटना[Force Majeure]**

क. यदि अप्रत्याशित घटना की स्थिति उत्पन्न होती है, तो आपूर्तिकर्ता को ऐसी स्थिति और कारण के बारे में लिखित रूप को तुरंत सूचित करना होगा एवं जब तक क्रेता द्वारा लिखित रूप में अन्यथा निर्देशित न किया जाए, आपूर्तिकर्ता इसके तहत अपने दायित्वों का पालन अनुबंध के तहत अपने दायित्वों के रूप में जहां तक उचित व्यावहारिक है, करना जारी रखेगा ।

**17. नुकसान एवं क्षति देर होने पर**

क. लागू दर 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह और अधिकतम कटौती अनुबंध मूल्य का 5 प्रतिशत है । इससे अधिक विलम्ब होने पर क्रय आदेश रदद् किया जा सकता है ।

ख. आपूर्ति किये गए सामान अगर विशिष्टता तथाा सैम्पल के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो क्रेता को सामान/सामानों को वापस करने का अधिकार होगा एवं आपूर्तिकर्ता को अपने खर्च पर तय समय के अन्दर आपूर्ति किये गए सामानों को वापस ले जाना होगा ।

**18. बोली प्रतिभूति (Bid Security)**

क. कुल Rs. 25,000.00 बोली प्रतिभूति के लिए संवेदक को बैंक गारंटी या डिमांड ड्राफ्ट के रूप निविदा के साथ जमा करना होगा जो निम्न के नाम देय होगा :

Bank Name – Aanchal Jeevika Mahila Vikas Swawlambi Sahkari Samiti LTD, Wazirganj
Bank Name – Bank Of India
Bank account no. 481210110016411
IFSC Code- BKID0004812

ख. बिना बोली प्रतिभूति (Bid Security) के साथ प्राप्त निविदा निरस्त कर दिये जायेंगे ।

ग. असफल संवेदक की बोली प्रतिभूति, (Bid Security) निविदा की वैधता के अन्दर वापस कर जी जाएगी एवं बोली प्रतिभूति पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

**नोट :- हम आपकी बोली प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं और इस परियोजना में आपकी रुचि के लिए धन्यवाद।**

अनुलग्नक :

क. सामग्रियों की वितरण की विवरणी ।
ख. कोटेशन/निविदा का प्रारूप ।

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

पता.

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना- वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)
ममता देवी — अध्यक्ष; सावित्री कुमारी — सचिव; पुजा कुमारी — कोषाध्यक्ष

अनुलग्नक – क

आपूर्ति विवरणी

| S.No. | District | No. of Kit | Delivery Address | Contact No. | Total Kit |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Arwal | 1497 | District Health Society, Dist. Headquarter Arwal | 8252637096 | 39445 |
| 2 | Aurangabad | 4627 | District Health Society Headquarter Aurangabad | 7908418301 | |
| 3 | Gaya | 7889 | District Health Society Headquarter Gaya | 9693347100 | |
| 4 | Kaimur | 3139 | District Health Society Headquarter Kaimur | 7000107627 | |
| 5 | Jehanabad | 2017 | District Health Society Headquarter Jehanabad | 7061752425 | |
| 6 | Nalanda | 4915 | District Health Society Headquarter Nalanda | 8544141300 | |
| 7 | Jamui | 3307 | District Health Society Headquarter Jamui | 6205570892 | |
| 8 | Lakhisarai | 1799 | District Health Society Headquarter Lakhisarai | 8210108263 | |
| 9 | Nawada | 4045 | District Health Society Headquarter Nawada | 8340564369 | |
| 10 | Rohtas | 5159 | District Health Society Headquarter Rohtas | 6200718037 | |
| 11 | Sheikhpura | 1051 | District Health Society Headquarter Sheikhpura | 9263017350 | |

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी
सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना– वजीरगज, अनुमण्डल गया (बिहार)

ममता देवी — अध्यक्ष
सचिव
पूजा कुमा — कोषाध्यक्ष

अनुलग्नक –ख

## वित्तीय निविदा का प्रारूप

| क्रम सं0 | वस्तुओं का विवरण | ऑफर किए गए वस्तुओं का विशिष्टता | मात्रा | इकाई दर | जी.एस.टी. / वैट | परिवहन, बीमा, स्थानीय प्रासंगिकम लागत आदि | उदृत की गई कुल दर | कुल मूल्य(रू0) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अंकों में | शब्दों में |
| 01 | Jute Bag | | | | | | | | |
| 02 | Grooming Bag | | | | | | | | |
| 03 | "Nayi Pahal" Sticker for Grooming Bag | | | | | | | | |
| 04 | Mirror-Plastic | | | | | | | | |
| 05 | Nail cutter | | | | | | | | |
| 06 | Handkerchiefs | | | | | | | | |
| 07 | Hand towel | | | | | | | | |
| 08 | Comb | | | | | | | | |
| 09 | Bindi | | | | | | | | |
| 10 | Marriage registration Form | | | | | | | | |



ममता देवी सावित्री कुमारी – पूजा कुमारी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Family Planning Information leaflet. | | | | | | | | |
| 12 | Nomination letter (Baddhai Sandesh) | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

नोट– 1 यूनिट मूल्य और कुल कीमत के बीच विसंगति के मामले में यूनिट मूल्य मान्य होगा ।
2 उपरोक्त सामाग्रियों की संख्या बढाई या घटाई जा सकती है ।

निविदा की कुल राशि (अंकों में)............................................ रूपया (शब्दों में)............................................

निविदा हेतु निर्धारित अवधि के भीतर तकनीकी विशिष्टताओं के मुताबिक प्रत्येक वस्तु के लिए उदृत अनुबंध की कीमत के मुताबिक उपर्युक्त सामग्री की आपूर्ति एवं गुणवत्ता प्रदर्शित करने के लिए सहमत हैं ।

संवेदक का हस्ताक्षर.............................................

नाम.............................................

स्थान.............................................

व्यवसाय का पता.............................................

दिनांक.............................................

आँचल जीविका महिला विकास स्वावलम्बी
सहकारी समिति लि०
ग्राम + पो० + थाना– वजीरगंज, अनुमण्डल गया (बिहार)
अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष